**(xvi) Need to include Khiri district of Uttar Pradesh under Sam Vikas Yojna for its alround development**

**श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) :** महोदय, मेरे क्षेत्र में दो जिले हरदोई तथा खीरी के भाग है। खीरी जिले का क्षेत्रफल उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले से बड़ा है।

दोनों जिलों में काम के बदले अनाज योजना लागू है अर्थात भारत सरकार दोनों जिलों को समान रूप से पिछड़ा मानती है और दोनों जिले समान रूप से पिछड़े हैं।

यह खेद का विषय है कि सम विकास योजना हरदोई में तो लागू है परन्तु खीरी जिले को इससे वंचित रखा गया है। जबकि सच्चाई यह है कि खीरी जिला विकास के मामले में हरदोई से कहीं अधिक पिछड़ा है। इसे दूसरे जिलों के बराबर लाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

मेरा भारत सरकार तथा योजना आयोग से आग्रह है कि जिला खीरी को भी सम विकास योजना के अंतर्गत लाया जाये।